प्रो0 एच0के0 पालीवाल
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स0 : ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2022/ 6439 दिनांकः 29 दिसम्बर, 2022

सेवा में,
निदेशक/प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः सत्र 2021-22 के विषम एवं सम सेमेस्टर (स्नातक/परास्नातक) परीक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों के छूट/अपूर्ण प्रयोगात्मक परीक्षा/प्रोजेक्ट तथा आंतरिक अंकों को पुनः ई0आर0पी0 पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2021-22 के विषम एवं सम सेमेस्टर परीक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों के ऐसे छात्र/छात्रायें जिनका आपके संस्थान द्वारा पूर्व में निर्धारित व्यवस्था के अन्तर्गत सेशनल/प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा के अंक ई0आर0पी0 पोर्टल पर ऑन-लाइन अपलोड नहीं किया गया था, जिसके कारण छात्र/छात्राओं का परिणाम अपूर्ण घोषित है।

उक्त के सम्बंध में सक्षम स्तर से लिये निर्णायानुसार उक्त सेमेस्टरों के छात्रों को चिन्हित कर छूटे/अपूर्ण सेशनल अथवा प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा के अंक अपलोड किये जाने हेतु **दिनांक 30 दिसम्बर, 2022 को अपरान्हः 4.00 बजे** तक ई0आर0पी0 पोर्टल खोला जा रहा है। उक्त के क्रम यह भी ज्ञात हो की केवल उन्हीं छात्र/छात्राओं के अंक ई0आर0पी0 पर ऑन-लाइन अपलोड किये जायेगे जिनकी हस्ताक्षरित हार्ड कापी विश्वविद्यालय निर्धारित व्यवस्था के अर्न्तगत पूर्ण करा दी गयी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए अपने संस्थान के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए उपरोक्त निर्धारित तिथि तक अंक अपलोड कराने का कष्ट करें।

भवदीय

29.12.2022

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक